दिनांक 6 अप्रैल 2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

रहवासी क्षेत्रों के घर-घर जाकर निगम के कर्मचारी कर रहे हैं सैनिटाइजिंग का कार्य

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम क्षेत्र में प्रतिदिन सैनिटाइजिंग एवं फाॅगिंग का कार्य किया जा रहा है। निगम के स्वास्थ्य विभाग का अमला सोडियम हाइपोक्लोराइट का उपयोग कर घर-घर हैंड स्प्रे के माध्यम से एवं टैंकरों के माध्यम से विभिन्न स्थलों में सैनिटाइजिंग का कार्य कर रही है! मच्छर उन्मूलन हेतु व्हीकल माउंटेड मशीन एवं सघन गलियों में हैंड मशीन द्वारा फागिंग कार्य शाम होते ही किया जा रहा है। कोविड- 19 नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए निगम प्रशासन आमजन से अपील करती है कि लोग अपने घर में ही रहे तथा सोशल डिस्टेंस बनाकर रखें। भिलाई निगम के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी लगातार लोगों के घरों में जाकर सेनेटाइज कर रहे हैं। मच्छर उन्मूलन के लिए जलजमाव वाले स्थानों पर टेमिफाॅस का छिड़काव किया जा रहा है। 160 घरों में लगे कूलरों में टेमीफास का उपयोग किया गया। 25 घरों के पानी टंकी का निरीक्षण किया गया। ।

जनसम्पर्क अधिकारी